पर यहां बड़ा दुर्भाग्य इस बात का है कि भूपेन्द्र सिंह मान हरेक आदमी जानता कि यह कृषक समाज से जुड़े हुए हैं और कृषकों के हक में आन्दोलन करते आए हैं। इन आन्दोलनों को और बिना किसी स्वार्थ के इस काम को देखते हुए राष्ट्रपति ने इनको इस सदन में मनोनीत किया है। यह राष्ट्रपति के नोमिनेटेड मैम्बर हैं और उसके बावजूद उस राष्ट्रपति के नोमिनेटेड मैम्बर का एक कांस्टेबल जा कर कहता है कि तुम चलो थाने में, डी० एस० पी० बताएगा तुम्हें कि क्या गिरफ्तारी, तुम्हारे खिलाफ क्या केस है। इससे बड़ी शर्म की बात और क्या हो सकती है। यह पूरे देश के राष्ट्रपति का मनोनीत सदस्य और उसके साथ इतनी बड़ी धक्काशाही की जाये। यह बर्दाश्त के बाहर है। महोदया, यह रोज आए दिनों देखा जाता है कि यह पुलिस वाले एक कांस्टेबल की ताकत आई० जी० (पुलिस) से ज्यादा हो गई है। अगर पुलिस मैनुअल पढ़ा जाए कि एक मैम्बर आफ़ पार्लियामेंट को किस लेवल का आदमी उससे नवश्वन कर सकता है या किस लेवल का आदमी एक मैम्बर आफ़ पार्लियामेंट से बात कर सकता है, यह इनको, ये नए जितने नौसिखिये जवान सिपाही भर्ती किये जा रहे हैं इनको पढ़ाने की जरूरत है और ये जबरदस्ती में किसी गिरेबान में हाथ डाल लेते हैं। ये अगर मैम्बर आफ़ पार्लियामेंट के साथ ऐसे व्यवहार कर रहे हैं तो आम जनता के साथ कैसा व्यवहार हो रहा होगा, यह तो, सोचने की बात है? महोदया, यह एक गम्भीर मसला है और मैं समझता हूं कि पूरा सदन एकमत होकर यह मांग करता है कि प्रिविलेज का मोशन बनाया जाए और कनसर्न्ड आफ़िसर को यहां पर बुलाया जाये।····(व्यवधान)····

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : महोदया, आर० बी० आई० प्रतिभूतियों के घोटाले से संबंधित फ़ैक्ट्स को दबाने की कोशिश कर रही है। उसने बैंक्स के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर्स को एक पत्र लिखा है···(व्यवधान)···

Just a minute, please. *{Interruptions)...* Now, the House has to be adjourned for lunch. The House is adjourned till 2.30 P.M.

The House then adjourned for lunch at one minute past One Of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-two minutes past two of the clock

THE VICE CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) in the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : Now we shall take up Private Members' Business (Resolu-tions).

PRIVATE MEMBERS' RESOLUTION RE RISING PRICES

श्री मोहम्मद अमीन (पश्चिमी बंगाल) : मोहतरमा वाइस चेयरमेन साहिबा, आपने मुझे जो प्राइवेट मैम्बर्स रेजोलूशन मूव करने का मौका दिया, इसके लिए शुक्रिया।

†[شری محمد امین "پشچمی بنگال" :
محترمہ وائس چیئرمین صاحبہ۔ آپنے مجھے جو پرائیویٹ ممبرس ریزلیوشن مُوو کرنے کا موقع دیا۔ اس کیلئے شکریہ۔]

"This House expresses its deep concern over the continuous rise in prices of all commodities in the country putting the common man in great distress and also over the addition to the inflationary spiral through issue of administrative orders, the latest example of which being the hike in the prices of petroleum products, and urges upon

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

Goverriment to take immediate comprehansive steps to arrest the continuing price rise due to the economic policies, administered price hike and import of consumer items at the behest of. the World Bank."

मोहतरमा, अब महंगाई का यह आलम है कि--

"लगी है आग कुछ इस तरह सारे गुलशन में, कि कोई आसियां महफूज रह न पाय।"

मोहतरमा, ऐसे तो जबसे देश आजाद हुआ तब से महंगाई बढ़ती ही जा रही है, लेकिन शुरू में ऐसा हुआ था कि साल, छह महीने में कभी किसी चीज का दाम बढ़ जाता था और अब हाल यह है कि हर महीना, कभी-कभी हर हफ्ता और कभी-कभी हर रोज कुछ न कुछ चीजों का दाम बढ़ जाता है। सरकार कभी-कभी दावा करती है कि देखो, हमने दाम घटा दिया। अभी फाइनेंस मिनिस्टर साहब ने कुछ दिनों पहले कहा था कि इन्फ्लूशन डबल डिजिट से नीचे कर दिया है और अब सिंगल डिजिट पर ला रहे हैं। असल में सिर्फ इतना होता है कि अक्तूबर, नवम्बर, महीना में जब खेतों की पैदावार होती है, नई सब्जी-तरकारी आती है, अनाज आता है तो दाम थोड़ा सा कम होता है। आलू, प्याज, टमाटर तथा अन्य सब्जियों का अगर थोड़ा सा दाम उतर जाता है तो सरकार अपने हाथ से अपनी पीठ ठोकने लगती है कि देखिये, दाम कम हो गया। मगर उसके दो महीने बाद ही दाम फिर चढ़ जाता है और पिछले साल के हिसाब से अगले साल उसकी सतह काफी ऊंची हो जाती है। यही तमाशा देखने में आ रहा है। मैं बहुत ज्यादा हिसाब-किताब के जाल में नहीं फंसना चाहता, क्योंकि जो लोग हिसाब-किताब बनाते हैं उनकी क्या बुनियाद होती है, वह आम लोगों की समझ में नहीं आती। इसीलिए सरकारी मीडिया के ऊपर से अवाम का एतबार उठता जा रहा है, क्योंकि उनका जो अपना जिंदगी का तजुर्बा है यह उनको बताता है कि दाम घट रहा है या बढ़ रहा है। इसलिए अखबार चाहे कुछ भी लिखे, टेलीविजन पर कुछ भी प्रचार किया जाए या गवर्नमेंट कुछ भी कहे वह बात लोगों के दिलों में नहीं उतरती है। मगर उसके बावजूद मैं दो चीजें पेश करना चाहता हूं। एक चार्ट छपा था 26 नवम्बर को हिन्दू अखबार में। इसमें मार्च, 1991 से लेकर अक्तूबर, 1992 का माहवार गोशवारा है। मैं सब नहीं पढ़ता, सिर्फ मार्च, 1991 में क्या पोजीशन थी और अक्तूबर, 1992 में क्या पोजीशन है, यही दो फिगर बताता हूं।

प्राईमरी आर्टिकल्स :

मार्च, 1991 में 195.6 तथा अक्तूबर, 1992 में 237.1, यानी कुल बढ़ा है 41.5 परसेंट।

फ्युएल ग्रुप :

मार्च, 1991 में 188.6 और अक्तूबर, 1992 में 234.9, यानी कुल बढ़ा है 46.3 परसेंट।

मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स।

मार्च, 1991 में 190.1 और अक्तूबर, 1992 में 226.3, यानी कुल बढ़ा है 36.2 परसेंट।

ऑल कमोडिटीज :

मार्च, 1991 में 191.7 और अक्तूबर 1992 में 230.7, यानी 39.7 परसेंट का इजाफा हुआ है।

अगर परसन्टेज निकाला जाये तो देखा जाएगा कि एक साल के अन्दर तकरीबन 24-25 परसेंट दाम बढ़े हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि यह सरकार जब बनी

और जिसको बने हुए अब एक साल पांच महीने हो गये हैं, इतने ही दिनों में कुल मिलाकर चीजों के दाम 24 से 25 परसेंट तक बढ़ गये हैं । मेरे ख्याल में इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था। यह बहुत ही अफसोसजनक सूरते हाल है, क्योंकि उस एतबार से सरकारी मुलाजमीन या मजदूर या मुलाजमत पेशा लोगों के महंगाई भत्ते में उस हिसाब से कोई इजाफा नहीं हुआ और जो लोग बेकार हैं उनका तो सिवाय खुदा के कोई मददगार नहीं है । महंगाई की जो मार उनके ऊपर पड़ती है उससे बचाने वाला कोई नहीं है । सरकार ने इन करोड़ों लोगों को जो बाजार का दाम बढ़ाकर लूटते हैं, उनके रहमोकरम पर छोड़ दिया है ।

1991 में लोक सभा का जो चुनाव हुआ था, उस चुनाव के इलेक्शन मेनिफेस्टो में कांग्रेस पार्टी ने तहरीरी तौर पर यह एलान किया था कि मुल्क के अवाम अगर उन्हें हुकूमत सौंपदे तो वे सौ दिनों के अन्दर महंगाई को नीचे उतार देंगे। यह छपा है उसमें । इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। जब इनकी हुकूमत बन गई और मनमोहन सिंह जी फाइनेन्स मिनिस्टर हुए तो उन्होंने साफ कह दिया कि यह होने वाला नहीं है । तो आप समझ सकते हैं कि इस बात का मुल्क के अवाम पर, पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी पर, सियासी पार्टियों के वायदों पर कितना भरोसा रह जायेगा। अखबारों ने उसके बाद कमेंट किया कि ये लोग जो चुनाव में खड़े होते हैं ये तो करोड़ों रुपया खर्च करते हैं और उसके बाद महंगाई कम करने के ऊपर इनका ध्यान कम रहता है । वह करोड़ों रुपया जो इनका खर्च हुआ है वह वापस कैसे आयेगा इस तरफ इनका ध्यान ज्यादा रहता है। इस तरह की बातें अखबारों में निकलती हैं और इससे मेरे ख्याल में सरकार की क्रेडिबिलिटी को बहुत नुकसान पहुंचता है।

दूसरा एक उदाहरण मैं और दे रहा हूं। वह है कंज्यूमर प्राईस इंडेक्स का। एक तो मैंने आपको होलसेल प्राईस इन्डैक्स का बताया । कंज्यूमर प्राईस इंडैक्स का हिसाब जो सरकार का है इसमें मैं जून 91 से अक्तूबर, 92 तक का हिसाब दे रहा हूं । जून 91 में ये था 209, जुलाई में हुआ 214, अगस्त में 217, सितम्बर में 221, अक्तूबर में 223, नवम्बर में 225, दिसम्बर में 225, जनवरी, में 92 में 228, फरवरी में 229, मार्च में 229, अप्रैल में 231, मई में 234, जून में 236, जुलाई में 242, अगस्त में 242, सितम्बर में 243, अक्तूबर में 244 यानी इस तरह 209 से 244 पर जाकर यह पहुंच गया । इन दोनों हिसाब से साबित हो जाता है कि चीजों के दाम किस तेजी से बढ़ रहे हैं । अब आज का यह अखबार है "आब्जर्वर"। इसने अपने सफा 7 पर देखिये क्या तमाशा किया है । "प्राइस इन्डैक्स फाल्स" लिखा हुआ है।

"New Delhi : The All-India Coatumer Price Index for agricultural labourers (base 1960-61—100) decreased by 13 points from September and it stood at 1099 m October; 1992. The rate of inflation conputed on the basis of consumer price index for industrial workers fell to 9.42 in Octobe*r* as against 9.98 in September. Despite the fall in inflation, the All-India Consumer Price for Industriail workers (base 1992) rose to 242 in October from 243 in the previous month. With the rise, in the *index,* the rupee value dipped to 14.98 paise hi October."

अब इसमें एग्रीकल्चरल लेबर का हिसाब एक किस्म का दिया है और वर्कर्स कंज्यूमर्स प्राइस इंडैक्स एक किस्म का और उसके बाद यह मान लिया है कि कंज्यूमर्स प्राइस इंडैक्स भी बढ़ा है और रुपये का दाम भी घट गया है। सरकार की प्राइस पालिसी, कीमतों की पालिसी क्या है यह अभी तक अवाम की समझ में नहीं आया। कोई पालिसी है भी या नहीं इसलिए कि हमारे देश की जो हालत है, यहां की मिट्टी इतनी जरखेज है, यहां पानी जिस मिकदार में पाया जाता है, मौसमी हालात, कुदरत मेहरबान है, जाड़ा, गर्मी और बरसात की वजह से इतना उम्दा मौसम दुनिया के बहुत कम मुल्कों में होगा और लोग भी मेहनती हैं। सरकार की तरफ़ से जो कम से कम इंतजाम किया जाना चाहिए वह अगर हो तो किसी चीज की यहां कमी नहीं हो सकती।

ये बात हमें याद रखनी चाहिए कि 190 बरस तक अंग्रेज साम्राज्यवादियों की गुलामी के बाद देश आजाद हुआ। आजादी जिस रास्ते पर आई और जिस तरह उन्होंने मुल्क का बंटवारा कर दिया धर्म के नाम पर, मजहब के नाम पर, यह तो अपनी जगह अफसोसनाक बात है। इसकी मिसाल दुनिया के किसी मुल्क में नहीं मिलेगी मगर यहां वो बेइंसाफी हो गई है। मगर उसके बाद जो कुछ करना चाहिए था पाकिस्तान और बंगला देश में क्या हाल है वह छोड़ दीजिए, वह हमारी बहस की चीज नहीं है लेकिन हिन्दुस्तान में पहला काम जो करना चाहिए था वह था बेसिक लैंड रिफार्म्स, बुनियादी इस्लहाते आराजी, जिसका वायदा भी कांग्रेस के लीडरों ने किया था। आजादी के पहले कांग्रेस का कोई अधिवेशन ऐसा नहीं मिलेगा जिसमें इस सवाल पर रेजूलेशन पास न किया गया हो कि मुल्क आजाद होगा तो जमींदारी खतम करके तमाम जमीन किसानों में बांटेंगे। लेकिन आजादी आने के इतने दिनों में क्या यह बेसिक लैंड रिफ़ार्म हुए? कानून जरूर बने, मुख्तलिफ़ रियासतों में मुख्तलिफ़ कानून बने थे लेकिन उन कानूनों में बहुत सारी खामियां भर दी गईं जमींदारों के लिए जो किसानों को जमीन नहीं दिलाना चाहते थे अदालतों में जाने का रास्ता खोल दिया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि बेसिक लैंड रिफ़ार्म हो नहीं पाए। जो कुछ हुआ, किसान पहले ही कमजोर था, कुछ नहीं कर पाया। फ़िर भी कुछ आंध्र प्रदेश में हुआ जहां तेलंगाना की इनकलाबी तहरीर चली थी जिसमें हजारों लोगों ने अपने जीवन की कुर्बानी दी थी निजाम के राज में और जमीनों पर कब्जा किया था। फिर वह जमीन फौजी कार्यवाही के बाद उनसे छीनी गई। कुछ रख पाए, कुछ छीनी गई, काफ़ी कुछ हुआ। अभी रिजर्व बैंक और भारत सरकार का हिसाब यह बताता है कि सारे हिन्दुस्तान में जितनी जमीनों का बंटवारा हुआ उसका 22 फ़ीसदी हुआ है मगरबी बंगाल में, एक रियासत में। इसलिए कि मगरबी बंगाल में बाएं महाज की हुकूमत है। वह अपने महदूद ऐख्तियारात के अन्दर अपने एक उसूल पर चलती है। उसमें खेत मजदूरों, बटाईदारों और गरीब किसानों ने उसका साथ दिया है। मुझे याद है जब वहां पर मुत्तहिद महाज की हुकूमत बनी थी, मैं भी वह मिनिस्टर था, उस वक्त सरकार ने यह कहा किसानों से कि अगर आप इंतजार में बैठे रहे कि सरकार आपको जमीन दे देगी तो आपको जमीन नहीं मिलेगी नहीं। आप जानते हैं सरकार को तो कानून के मुताबिक चलना पड़ता है लेकिन हदबंदी के ऊपर जो भी जमीन है, जो नाजायज तरीके से छिपाकर रखी गई है उस पर किसान संगठित होकर अगर कब्जा करें तो हम आपकी यह मदद जरूर कर सकते हैं कि जमींदार जब थाने में जाएगा तो पहले जैसे पुलिस उसकी मदद करती थी, हम पुलिस को उसकी मदद करने से रोक देंगे। आगे का मामला

आपको लड़कर जीतना पड़ेगा। इतना सहारा मिल गया तो गांव-गांव में किसानों की तहरीक खड़ी हो गई और लोगों को मालूम था कि पांच हजार, दस हजार बीघे जमीन दबाकर वह बैठे थे। इस तरह से पश्चिमी बंगाल में जमीन का बंटवारा हुआ।

मोहतरमा, चार बार बाएं महाज की हुकूमत पश्चिमी बंगाल में बनी। सरमायादाराना निजाम में रहते हुए भी कम्यूनिस्टों को नजारत मिल गई। सारी दुनिया के लोग ताज्जुब यह करते हैं कि ऐसे कैसे हुआ? लोग कैसे जीत जाते हैं? बाज लोग तो इल्जाम यह लगाते हैं कि पश्चिमी बंगाल में इलेक्शन ठीक से होते नहीं हैं, इसलिए ये लोग जीत जाते हैं। लेकिन खुद इलेक्शन कमीशन सर्टिफिकेट दे चुका है कि पश्चिमी बंगाल में इलेक्शन मुंसफाना और पुरअमन होते हैं। सारे हिन्दुस्तान में इसकी मिसाल नहीं मिलती। तो वह इन बातों की तरफ ध्यान नहीं देते कि इस सरकार ने क्या ऐसा किया है कि लोग इनके साथ दे रहे हैं। चौदह बरस में 16 इलेक्शन हो चुके हैं, चार मर्तबा लोकसभा के, चार दफे पंचायतों के और चार दफे म्युनिसिपेल्टियों और कारपोरेशन के और इन 16 इलेक्शनों में ही बाएं महाज के उम्मीदवार सफल हुए। इसलिए कि उन्होंने गांवों में किसानों का साथ दिया और कल-कारखानों के मजदूरों के तहरीक की हिमायत की, सरकारी कर्मचारी जब अपनी मांगों के लिए लड़ते हैं तो उनकी हिमायत की। इसलिए जो जमीन किसानों को मिल गई तो अनाज कुछ सस्ता है। अगर आप पश्चिमी बंगाल और कलकत्ता में तशरीफ ले जायें तो आप देखेंगे कि मुल्क के किसी भी शहर से बंगाल में कुछ चीजें सस्ती हैं सरकार के हाथ में तो पूरे मुल्क के दाम कंट्रोल करने के अख्तियार हैं नहीं, न तो माली अख्तियार है न कानूनी। जो महदूद अख्तियार हैं उन्हीं के अन्दर वह काम करते हैं। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि बाकी हिन्दुस्तान में जहां कई रियासतों में गैर-कांग्रेसी हुकूमतें हैं इनको भी लैण्ड रिफार्म करने से किसने रोका। वी० पी० सिंह की गवर्नमेंट ने एक बड़ा अच्छा काम किया लैण्ड रिफार्म के मुतल्लिक। जितने कवानीन बने हुए हैं सारे मुल्क में, उन्होंने दस्तूर में तरमीम करके इन तमाम कवानीन को दस्तूर की नवीं शैड्यूल्ड के तहत ला दिया। इसी सदन में हम लोगों ने पास किया था ताकि उसके खिलाफ अदालत में जाने का रास्ता बंद हो जाए। उससे किसानों को कोई फायदा पहुंचा या नहीं यह अलग बात है। लेकिन यह काम वी० पी० सिंह की गवर्नमेंट ने बड़ी इमानदारी से किया था। उसके नक्शेकदम पर चलकर अगर इस कदम को आगे बढ़ाया जाता तो भी बात बन सकती थी। लेकिन यहां तो कभी बोफोर्स का मामला चल पड़ता है, कभी बैंक स्कैम चल पड़ता है और कभी मन्दिर-मस्जिद चल पड़ता है। लोग इसी में फंस जाते हैं। करोड़ों लोगों को दो वक्त दाल, रोटी नहीं मिलती, तन ढकने के लिए कपड़ा नहीं मिलता, इस तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता। मोहतरमा, गांव में देहात में जाइये तो आप देखेंगे सर्दी में लोग ठिठुर कर मर जाते हैं और जब गर्मी का मौसम आता है तो लू लग जाती है। अखबारों में निकलता है कि लू लगने से कितने लोग मरे। जब बरसात का मौसम आता है,

श्री मोहम्मद अमीन

सैलाब आता है तो गांव का गांव बहा कर ले जाता है। गरीब लोगों को किसी भी मौसम में चैन नहीं है। ये सारे मरने वाले कौन-लोग हैं? ये इतने ही गरीब हैं और पावटी लाइन के नीचे रहकर जिन्दगी गुजारने के लिए मजबूर हैं, जिनकी आह और फरियाद सुनने वाला कोई नहीं है, जिनके आंखों के आंसू पोंछने वाला कोई नहीं है। यह हमारी बदकिस्मती है।

मैं एक हिसाब आपके सामने पेश कर रहा हूं। हमारे मुल्क की आबादी इस वक्त 80 करोड़ से ऊपर जा चुकी है। यह बड़ी परेशानी की बात है। इसलिए खाना-पानी मंसूबाबंदी के ऊपर जोर देना चाहिए। यह लोगों को समझा बुझा कर किया जा सकता है कि उसके क्या नुकसानात हैं और आगे चलकर क्या हो सकता है। ये सारी बातें हैं, ये अपनी जगह ठीक हैं। मैं उसकी हिमायत करता हूं। लेकिन अनाज की कुल पैदावार हमारे मुल्क में कितनी होती है इसके लिए मैं यहां दो आंकड़े दे रहा हूं। 1950-51 में 5 करोड़ 8 लाख टन अनाज पैदा हुआ था पूरे देश में। अब 41-42 वर्ष बाद पैदा हो रहा है 17 करोड़ 62 लाख टन अनाज। अब 80 करोड़ लोगों को दो वक्त पेट भर खाना खिलाने के लिए कितने अनाज की जरूरत है। यह आंकड़े सरकारी हैं। हमने नहीं बनाए हैं। मैं बहुत मामूली तरीके से इस मामले को रखना चाहता हूं। कोई भी आदमी इसको समझ जायेगा। इसके लिए कोई ज्यादा पढ़ने-लिखने की जरूरत नहीं है। एक आदमी को एक दिन में खाने के लिए आधा किलो अनाज काफी होता है, चावल, दाल, गेहूं मिलाकर। महीने में उसको 15 किलो अनाज चाहिए। अगर महीने में 15 किलो अनाज चाहिए तो साल में 180 किलो अनाज चाहिए यानी 180 किलो अनाज का मतलब है साढ़े 4 मन। एक आदमी को अगर साढ़े चार मन चाहिए साल भर के लिए तो दो आदमी के लिए 9 मन, चार आदमी के लिए 18 मन और 6 आदमी के लिए एक टन। एक टन अनाज अगर दे दिया जाए 6 आदमी साल भर पेट भर खाना खा सकता है। अगर एक करोड़ टन अनाज दे दिया जाए तो 6 करोड़ आदमियों का गुजारा होगा। अगर 10 करोड़ टन अनाज दे दिया जायेगा तो 60 करोड़ लोग खायेंगे। 80 करोड़ लोगों को खिलाने के लिए साढ़े 12 करोड़ से 13 करोड़ टन काफी रहेगा। इस 80 करोड़ की आबादी में दो दिन के बच्चे से लेकर 60, 70, 80 साल के बूढ़े तक सब लोग हैं यह सब आधा के० जी० खाने वाले नहीं हैं। मैंने आसानी से समझाने के लिए यह सब हिसाब आपके सामने रखा है। तो 12-13 करोड़ टन अनाज होने से ही पूरी आबादी को खिलाया जा सकता है। यहां 70 लाख टन से भी ज्यादा अनाज पैदा होता है, लेकिन फिर भी चीजों के दाम कम नहीं होते हैं। आखिर यह अनाज जाता कहां है? सरकार विदेशों से गेहूं मंगा कर विदेशी मुद्रा खर्च करती है। यह किसी की समझ में आने वाली बात नहीं है कि इसके अन्दर क्या खेल है। ट्रेड यूनियनों की तरफ से बहुत पहले एक मतालबा रखा गया था कि पूंजीवादी समाज व्यवस्था में रह कर भी कीमतों पर कंट्रोल किया जा सकता है। उसकी सूरत यह है कि गेहूं, चावल, राशन, कोयला, दाल, नमक, शक्कर, साबुन और कपड़ा, ये जो जरूरत की जिन्दगी की लाजमी चीजें हैं, इन 14 चीजों की लिस्ट बना कर दी गई थी। यह बहुत दिन पहले की बात

है जब श्रीमति इन्दिरा गांधी प्राइम मिनिस्टर थीं । यह कहा गया कि आप इन 14 चीजों के कंट्रोल रेट मुकर्रर कर दीजिए और उस पर अमल दरामद के लिए सूरत यह होगी कि किसान अपने खेत में जो पैदावार करता है उसको मुनासिब दाम देकर, उसकी मेहनत और लागत से कुछ ज्यादा देकर सरकार उसको खरीदे और फिर पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम के जरिये उसको तकसीम किया जाये । इससे एक तो फायदा यह होगा कि अगर सरकार पाँच लाख दुकानें खोलेगी तो 25 लाख लोगों को रोजी मिलेगी और दूसरा यह होगा कि एक कीमत पर गरीब तबके के लोगों को तमाम चीजें मिलेंगी । लोग सरकार को दोनों हाथ उठाकर आशीर्वाद देंगे कि सरकार ने कम से कम इतनी महंगाई की मार से बचाया । लेकिन उस पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया ।

एक मौके पर एक प्राइम मिनिस्टर साहब से मैंने बात की । मैंने उनको समझा कर कहा कि आप इतना तो कीजिए । उन्होंने कहा कि स्कीम तो अच्छी है, मगर इससे जो अनाज के व्यापारी हैं वे नाराज हो जाएंगे । मैं समझता हूं कि कोई भी सरकार अमीरों को भी खुश रखे और गरीबों को भी खुश रखे, यह हो नहीं सकता । दुल्हा का भी भाई और दुल्हन का भी भाई, यह दुनिया में नहीं हो सकता । सरकार को तय करना होगा कि उसकी पालिसी किसको फायदा पहुंचाने की है और किस को नुकसान पहुंचाने की है । अगर सरकार गरीब लोगों को फायदा पहुंचाना चाहती है तो अमीरों को नुकसान होगा । आपको एक इरादा करके चलना होगा । ऐसी कोई पालिसी हो नहीं सकती है कि जिससे सबका भला हो जाए । हमारी मुसीबत यही है अंग्रेजों के जमाने में साम्राजी राज को मजबूत बनाने के लिए गरीबों को दबाया गया और जो जमींदारी और रेयतवाड़ी सिस्टम था उसमें नवाब, राजा और महाराजाओं को जन्म दिया गया जिन्होंने गांवों के गरीब लोगों का खून पीकर अंग्रेजों के राज को बनाए रखा । उस फ्यूडल सिस्टम को दफन करने के बजाय हमारे सियासी लीडरों ने उनसे समझौता कर लिया । जो लोग नवाब, राजा महाराजा थे वे आज राजनैतिक दलों के नेता बन गए हैं । तो यह कैसे होगा ? यह होने वाला नहीं है । इसलिए सरकार जितने भी वायदे चीजों के दाम कम करने के बारे में बात करती है वे वायदे ही रह जाते हैं । अब तो लोगों का विश्वास भी उस पर से खत्म हो गया है और इसलिए लोग मैदान में उतर आए हैं । मोहतरमा आपने देखा होगा, पिछले साल किस तरह से नवम्बर के महीने में 29 तारीख को पूरे हिन्दुस्तान के कल-कारखानों के मजदूरों ने जनरल स्ट्राइक की थी । इस साल 16 जून को जनरल स्ट्राइक हुई थी जिसमें डेढ़ करोड़ मजदूरों ने भाग लिया था । नवम्बर 25 तारीख को दिल्ली के बोट क्लब पर हिन्दुस्तान के कोने-कोने से लोग आए थे । किसी अखबार ने 5 लाख बताया, किसी ने 10 लाख बताया और किसी ने 8 लाख बताया । यह कहना तो मुश्किल है कि कितने लोग थे, लेकिन यह बात कही जा सकती है कि इतनी बड़ी तादाद में मजदूर कभी भी राजधानी में देखे नहीं गए थे । यह सरकार के लिए एक वार्निंग है कि वह अपनी पालिसी पर नजरसानी करे, वरना लोग इस को चलने नहीं देंगे । सरकार के लिए मुश्किल

श्री मोहम्मद अमीन

क्या है कि विदेशी कर्जे में वह डूबी हुई है। विदेशों से कर्ज मांग मांग कर अगर देश को चलाना है तो यह कोई समझदारी की बात नहीं है और इज्जते नफ्स का भी सवाल आता है। हम तो यह कहते हैं कि जो कुछ आपको अपने देश में मिलता है, उसकी बुनियाद पर खड़े होकर अपनी पालिसी बनाइए। सरकार ईमानदारी के साथ यह साबित कर दे कि वह गरीब तबके के लोगों को ऊपर उठाना चाहती है तो लोग और कुर्बानियां देंगे। हिन्दुस्तान ऐसा मुल्क है जहां के लोग थोड़े में गुजारा करते हैं और खुदा का शुक्र अदा करते हैं ज्यादा का लालच उनको नहीं होता। मगर तकलीफ तब होती है जब वह भी नहीं मिलता। मगर सरकार चल रही है, विदेशों से कर्जा मांगती है लोगों पर टैक्स लगाती है और नोट छापती है। यह तीन काम करती है। आज से नहीं, 1947 से। अब यह बढ गया है। पहले इतना ज्यादा नहीं था। विदेशों से कर्ज लेना भी बुरी बात है नोट। छापना भी गलत बात है और लोगों पर टैक्स लगाना भी बुरी बात है। इससे तमाम चीजों के दाम बढ गए हैं। अभी कुछ दिनों पहले पेट्रोल और डीजल के ऊपर दाम बढ़ गए। सरकार खुद ही अगर दाम बढ़ाए तो फिर कम कैसे होगा, कम होने का सवाल ही नहीं है। इसलिए मोहतरमा, हमारे देश के लोगों ने सरकार को वार्निंग दे दी है और यह कहा है कि वर्ल्ड बैंक की बात पर मत चलिए। वर्ल्ड बैंक और इन्टरनेशनल मानेटरी फण्ड ये महाजन हैं और महाजनों का जो चरित्र होता है वह सबको मालूम है। उनसे आप कर्जा मांगने जायेंगे तो कर्जा वह आपको देंगे मगर उसके साथ वह अपनी शर्तें भी देंगे। ये वर्ल्ड बैंक के लोग क्या-क्या शर्तें देते हैं ? आपको याद होगा कि इसी सदन में हम लोगों ने कितनी ही बार यह मतालबा प्राइम मिनिस्टर से किया कि वर्ल्ड बैंक के साथ आपकी क्या बात हुई है, हम लोगों को बतलाइए, पार्लियामेंट को बतलाइए। लेकिन कभी नहीं बताया, न प्राइम मिनिस्टर ने बताया और न फाइनेंस मिनिस्टर ने बताया। पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी की क्या मर्यादा रह गई है कि जब इण्डियन एक्सप्रेस में कोई खत छप जाता है तब बात सामने आती है, तभी शोर मचता है। महाजन जब कर्जा देता है तो वह कहता है कि कर्जा ले जाइए मगर पैसा कहां खर्च करेंगे, वह हम तय करेंगे और इसको मान करके, सर झुकाकर यह लोग चले आते हैं। वे कहते हैं कि यह रुपया ले जाइए और इस-से यहां की बनी हुई टेरीकाट की साड़ियां खरीदकर हिन्दुस्तानी औरतों को पहनाइए तो हमारे कपड़े की सनअत तबाह नहीं होगी ? वह कहते हैं कि खाद के ऊपर सब्सिडी उठाओ, जो उठा दी जाती है तो क्या खाद के दाम बढ़ेंगे नहीं ? वह कहते हैं कि ऐसी पालिसी अख्तियार करो ताकि मजदूरों की छटनी हो ताकि लोग बेकार हो जायें। वह कहते हैं कि हमारा रुपया लेना है तो यह करना पड़ेगा। वह कहते हैं कि सरकारी कारखाने जो नुकसान में चल रहे हैं उनको प्राइवेट वालों के हवाले कर दो। अब मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत सरकार के पास इस वक्त कुल मिलाकर के 134 उद्योग हैं। इसमें खुद सरकारी हिसाब से 98 उद्योगों में नुकसान होता है और 36 में आज भी मुनाफा हो रहा है। एक रिपोर्ट मैंने पढ़ी थी। उसमें, जहां तक मुझे याद है कि इन 36 उद्योगों में जो मुनाफा होता है वह 98 के नुकसान को करीब-करीब पूरा कर देता है। लेकिन सरकार एक तरफ से बी० आई० एफ० आर०

में भेज रही है मामलात को। अब यह जो आपका मोटर का कारखाना था, मारूति, यह नफे में चल रहा था। मोहतरमा, यह आप भी जानती हैं। तो इसको क्यों प्राइवेटाइज्ड किया ? इसमें तो नुकसान नहीं होता था । यह वर्ल्ड बैंक का करिश्मा है, वर्ल्ड बैंक का खेल है ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : अब समाप्त करिए । समय हो चुका है ।

श्री मोहम्मद अमीन : मैं तो रेलेवेन्ट बातें कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष : **(श्रीमती सुषमा स्वराज)** रेलेवेन्ट बातें कह रहे हैं लेकिन समाप्ति की तरफ बढ़िये ।

श्री मोहम्मद अमीन : मुझे 5–7 मिनट और दे दीजिए ।

अब यह प्राइवेटाइज्ड का जो झगड़ा चल गया है, अखबार वाले भी शोर मचा रहे हैं, प्राइवेटाइजेशन, प्राइवेटाइजेशन, प्राइवेटाइजेशन । क्या उनसे यह पूछा जा सकता है कि जो 3 लाख कल–कारखाने बंद हैं पूरे हिन्दुस्तान में वे सारे के सारे प्राइवेट सेक्टर में हैं । अगर प्राइवेट सेक्टर इतना ही काबिले तारीफ है तो इतने कारखाने बन्द क्यों हैं ? असल बात वह नहीं है। असल बात यह है कि सरकार की पालिसी गलत है और उनके इरादे ठीक नहीं है । हमारे यहां फौलाद के जो कारखाने हैं उनकी जो इंस्टाल्ड केपेसिटी है उससे बहुत कम पैदावार हो रही है और सरकार विदेशों से फौलाद मंगवाती है, विदेशी मुद्रा खर्च करती है । पेपर इण्डस्ट्री को आप देखें। हिन्दुस्तान में 50 कारखाने है, जिसमें 25 कारखाने बन्द हैं । बन्द इसलिए नहीं हैं कि उसके लिए बाजार नहीं है। कागज का बाजार बहुत अच्छा है लेकिन रा–मेटिरियल की कमी हो गई है । रा–मेटिरियल का इंतजाम न कर के कारखानों को बन्द कर दिया गया, मजदूरों को भूखों मरने के लिए छोड़ दिया गया है और मांग को पूरा करने के लिए सरकार विदेशों से कागज मंगा रही है। इसी तरह से पटसन इंडस्ट्री है । सिंथेटिक्स को अंधाधुंध लाइसेंस दे दिए गए यू० पी० में, दिल्ली में, हरियाणा में और न जाने कहां–कहां । सिन्थेटिक पैकेजिंग मेटिरियल सस्ता पड़ता है लेकिन इससे जुट की सनअत बरबाद हो रही है। बहुत लोग यह सोच रहे होंगे कि पश्चिमी बंगाल में बाएं बाजू की हकूमत है वह मुसीबत में पड़े तो पड़े लेकिन हम यह कहते हैं कि जूट की सनअत में काम करने वाले 50 फीसदी लोग गैर बंगाली हैं । बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और उड़ीसा के हैं । यह सारे लोग परेशान हैं । कोई यह पूछ सकता है कि अपनी सनअत को बरबाद करने के रास्ते पर कोई सरकार जा सकती है जिसको अपने देश से, अपने लोगों से और अपने मजदूरों से मोहब्बत हो। इस तरह से आवे का आवा ही उल्टा है। हम लोगों की पश्चिमी बंगाल के पार्लियामेंट के मैम्बरों की एक मीटिंग

श्री मोहम्मद अमीन

चार पांच महीने पहले लेबर मिनिस्टर के साथ हुई थी। मंत्री जी ने यह कहा कि आप बताइए कि आप क्या चाहते हैं। हमने उनसे कहा था कि आपके 134 सरकारी कारखाने हैं । आप यह कहते हैं कि उनमें से 98 में नुक्सान हो रहा है, इसलिए आप एक-एक कारखाने को लेकर के बैठिए । हमारी जितनी भी यूनियंस हैं, उनको भी बुलाइये क्योंकि यूनियंस की बात आप लोग सुनते नहीं हैं । ब्यूरोक्रेट्स चलाते हैं और ब्यूरोक्रेट्स के अपने तौर-तरीके होते हैं, अपने मफ़ादात होते हैं, उन्होंने अपना चक्कर फैलाया हुआ है । इसलिए नुक्सान होता है । आज तीन लाख कारखाने बन्द हैं । उनके बारे में रिजर्व बैंक ने एक सर्वे किया था जिसमें उन्होंने यह कहा था कि मजदूरों की वजह से सिर्फ दो फ़ीसदी कारखाने बन्द हैं । 98 फ़ीसदी कारखाने इसलिए बन्द हैं कि कहीं रा-मेटिरियल नहीं है, कहीं फाइनेंस नहीं है और कहीं बाजार नहीं है, मिसमेनेजमेंट है और करप्शन है । यह हालत है । इसलिए अगर यूनियंस के साथ बैठा जाए तो मजदूर अपनी रोजी का ख्याल रखता है । वह सारी सच्ची बात आपको बता देंगे । अगर उनकी बातों की रोशिनी में इकदामात किए जाएं तो जो कारखाने आज नुक्सान में चल रहे हैं, वह कल नफे में चल सकेंगे । यह होना चाहिए तभी कीमतें कम की जा सकती हैं। दो सवाल हैं जो इस वक्त हिन्दुस्तान के लोगों को तबाह कर रहे हैं, एक है मंहगाई और दूसरा है बेरोजगारी। इन दोनों का गहरा ताल्लुक है बेसिक लैंड रिफ़ार्म्स से। अगर बेसिक लैंड रिफ़ार्म्स हो जाएं, जमीन किसानों को मिल जाए तो किसानों की कुव्वतेखरीद बढ़ेगी और कारखानों का जितना माल है सबका सब बिक जाएगा और हजारों नए कारखाने आपको बनाने की जरूरत पड़ेगी इससे बेकार लोगों को काम मिलेगा । बेसिक लैण्ड रिफ़ार्म्स के बगैर न तो बेरोजगारी का मसला हल हो सकता है और न मंहगाई कम हो सकती है । अगर कोई सरकार इस बात का दावा करे कि मंहगाई कम कर देंगे तो यह गलत होगा और लोगों की आंखों में धूल झोंकने की बात होगी और इसमें कभी सफलता नहीं मिलेगी । इन चन्द शब्दों के साथ मैं यह रेजोल्यूशन सदन के सामने रखता हूं और दरख्वास्त करता हूं कि इसको मंजूर किया जाए।

شری محمد امین: محترمہ۔ اب مہنگائی کا یہ عالم ہے کہ۔

لگی ہے آگ کچھ اس طرح سارے گلشن میں
کہ کوئی آشیاں محفوظ نہ رہ پائے

محترمہ۔ ایسے تو جب سے دیش آزاد ہوا تب سے مہنگائی بڑھتی ہی جا رہی ہے لیکن شروع میں ایسا ہوا تھا کہ سال۔ چھ مہینے میں کبھی کسی چیز کا دام بڑھ جاتا تھا۔ اور اب یہ حال ہے کہ ہر مہینہ۔ کبھی کبھی ہر ہفتہ اور کبھی کبھی ہر روز کچھ نہ کچھ چیزوں کا دام بڑھ جاتا ہے سرکار کبھی کبھی دعویٰ کرتی ہے کہ دیکھو ہم نے دام گھٹا دیئے۔ ابھی فائنانس منسٹر صاحب نے کچھ دنوں پہلے کہا تھا کہ

کے دلوں میں نہیں اترتی ہے مگر اس کے باوجود میں دو چیزیں پیش کرنا چاہتا ہوں۔ ایک چارٹ چھپا تھا۔ ۲۶ نومبر کو ہندو اخبار میں۔ اس میں مارچ ۱۹۹۱ء سے لیکر اکتوبر ۱۹۹۲ء کا ماہوار گوشوارہ ہے میں سب نہیں پڑھتا۔ صرف مارچ ۱۹۹۱ء میں کیا پوزیشن تھی اور اکتوبر ۱۹۹۲ء میں کیا پوزیشن ہے۔ یہی دو فگر بتاتا ہوں۔

پرائمری آرٹیکل

مارچ ۱۹۹۱ء میں ۱۹۵ اعشاریہ ۶ اور اکتوبر ۱۹۹۲ میں ۲۳۷ اعشاریہ ۱ یعنی کل بڑھا ہے۔ ۱۸ اعشاریہ ۵ پرسینٹ۔

فیوئل گروپ:

مارچ ۱۹۹۱ میں ۱۸۸ اعشاریہ ۶ اور اکتوبر ۱۹۹۲ء ۲۳۴ اعشاریہ ۹ یعنی کل بڑھا ہے ۴۶ اعشاریہ ۳ پرسینٹ۔

مینوفیکچرڈ پروڈکٹس

مارچ ۱۹۹۱ میں ۱۹۰ اعشاریہ ۱ اور اکتوبر ۱۹۹۲ میں ۲۲۶ اعشاریہ ۳ یعنی کل بڑھا ہے ۳۶ اعشاریہ ۲ پرسینٹ۔

آل کموڈیٹیز

مارچ ۱۹۹۱ میں ۱۹۱ اعشاریہ ۷ اور اکتوبر ۱۹۹۲ میں ۲۳۰ اعشاریہ ۷۔ یعنی کہ ۳۹ اعشاریہ ۷ پرسینٹ کا اضافہ ہوا ہے۔

انفلیشن ڈبل ڈجٹ سے نیچے کر دیا ہے اور اب سنگل ڈجٹ پر لا رہے ہیں۔ اصل میں صرف اتنا ہوتا ہے کہ اکتوبر۔ نومبر مہینہ میں جب کھیتوں میں پیداوار ہوتی ہے نئی سبزی ترکاری آتی ہے۔ اناج آتا ہے تو دام تھوڑا سا کم ہوتا ہے آلو پیاز۔ ٹماٹر اور دوسری سبزیوں کا اگر تھوڑا سا دام اتر جاتا ہے تو سرکار اپنے ہاتھ سے اپنی پیٹھ ٹھوکنے لگتی ہے کہ دیکھئے دام کم ہو گیا۔ مگر اس کے دو مہینے بعد ہی دام پھر چڑھ جاتا ہے۔ اور پچھلے سال کے حساب سے اگلے سال اس کی سطح کافی اونچی ہو جاتی ہے۔ یہی تماشہ دیکھنے میں آرہا ہے۔ میں بہت زیادہ حساب کتاب کے جال میں پھنسنا نہیں چاہتا۔ کیونکہ جو لوگ حساب کتاب بناتے ہیں۔ ان کی کیا بنیاد ہوتی ہے۔ وہ عام لوگوں کی سمجھ میں نہیں آتی۔ اس لئے سرکاری میڈیا کے اوپر سے عوام کا اعتبار اٹھتا جا رہا ہے کیونکہ ان کا جو اپنا زندگی کا تجربہ ہے یہ انکو بتاتا ہے کہ دام گھٹ رہا ہے یا بڑھ رہا ہے۔ اس لئے اخبار چاہے کچھ بھی لکھے ٹیلی ویژن پہ کچھ بھی پرچار کیا جائے یا گورنمنٹ کچھ بھی کہے وہ بات لوگوں

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

[SHRI MOHD AMIN]

چھپا ہے اس میں۔ اس سے کوئی انکار نہیں کر سکتا۔ جب ان کی حکومت بن گئی اور منموہن سنگھ جی فائنانس منسٹر ہوتے تو انہوں نے صاف کہہ دیا کہ یہ ہونے والا نہیں ہے تو آپ سمجھ سکتے ہیں کہ اس بات کا ملک کے عوام پر، پارلیمنٹری ڈیموکریسی پر سیاسی پارٹیوں کے وعدوں پر کتنا بھروسہ رہ جائے گا۔

اخباروں نے اس کے بعد کمینٹ کیا کہ یہ لوگ جو چناؤ میں کھڑے ہوتے ہیں یہ تو کروڑوں روپیہ خرچ کرتے ہیں۔ اور اس کے بعد مہنگائی کم کرنے کے اوپر ان کا دھیان کم رہتا ہے۔ وہ کروڑوں روپیہ جو خرچ ہوا ہے وہ واپس کیسے آئے گا۔ اس طرف ان کا دھیان زیادہ رہتا ہے۔ اس طرح کی باتیں اخباروں میں نکلتی ہیں اور اس سے میرے خیال میں سرکار کی کریڈیبلٹی کو بھی بہت نقصان پہنچتا ہے۔

دوسرا ایک اداہرن میں اور دے رہا ہوں۔ وہ ہے کنزیومر پرائس انڈیکس کا۔ ایک تو میں نے آپکو ہول سیل پرائس انڈیکس بنایا ہے۔ کنزیومر پرائس انڈیکس کا حساب جو سرکار کا ہے۔ اس میں میں جون ۹۱ء سے اکتوبر ۹۲ تک کا حساب دے رہا ہوں اگر پرسینٹیج نکالا جائے تو دیکھا جائے گا کہ ایک سال کے اندر تقریباً ۲۵-۲۴ پرسینٹ دام بڑھے ہیں۔ میرے کہنے کا مطلب یہ ہے کہ یہ سرکار جب بنی اور جس کو بنے ہوتے ایک سال پانچ مہینے ہو گئے ہیں اتنے ہی دنوں میں کل ملاکر چیزوں کے دام ۲۴ سے ۲۵ پرسینٹ بڑھ گئے ہیں۔ میرے خیال میں اس سے پہلے ایسا کبھی نہیں ہوا تھا۔ یہ بہت ہی افسوسناک صورت حال ہے۔ کیوں کہ اس اعتبار سے سرکار ملازمین یا مزدور یا ملازمت پیشہ لوگوں کے مہنگائی بھتے میں اس حساب سے کوئی اضافہ نہیں ہوا اور جو لوگ بیکار ہیں ان کا تو سوائے خدا کے کوئی مددگار نہیں ہے۔ مہنگائی کی جو مار ان کے اوپر پڑتی ہے اس سے بچانے والا کوئی نہیں ہے۔ سرکار نے ان کروڑوں لوگوں کو جو بازار کا دام بڑھا کر لوٹتے ہیں ان کے رحم و کرم پر چھوڑ دیا ہے۔

۱۹۹۱ میں لوک سبھا کا جو چناؤ ہوا تھا۔ اس چناؤ کے الیکشن مینی فیسٹو میں کانگریس پارٹی نے تحریری طور پر یہ اعلان کیا تھا کہ ملک کے عوام اگر انہیں حکومت سونپ دیں تو وہ سو دنوں کے اندر مہنگائی کو نیچے اتار دیں گے۔ یہ

جون ۹۱ میں یہ تھا ۲۰۹۔ جولائی میں ہوا ۲۱۴۔ اگست میں ۲۱۷۔ ستمبر میں ۲۲۱ اکتوبر میں ۲۲۳۔ نومبر میں ۲۲۵۔ دسمبر میں ۲۲۵۔ جنوری ۹۲ میں ۲۲۸۔ فروری میں ۲۲۹۔ مارچ میں ۲۲۹۔ اپریل میں ۲۳۱۔ مئی میں ۲۳۴۔ جون میں ۲۳۶۔ جولائی میں ۲۴۲، اگست میں ۲۴۲، ستمبر میں ۲۴۳۔ اکتوبر میں ۲۴۰ یعنی اس طرح ۲۰۹ سے ۲۴۴ پر جا کر یہ پہنچ گیا۔ ان دونوں حساب سے ثابت ہو جاتا ہے کہ چیزوں کے دام کس تیزی سے بڑھ رہے ہیں۔ آپ آج کا یہ اخبار ہے "آبزرور" اس نے اپنے صفحہ ۱ پر دیکھئے کیا تماشہ کیا ہے پرائس انڈیکس فال ہوا ہے۔

اب اس میں اگر یکچر لیبر کا حساب ایک قسم کا لیا ہے اور کنزیومر پرائس انڈیکس کا ایک قسم کا۔ اور اس کے بعد یہ مان لیا ہے کہ کنزیومر پرائس انڈیکس بھی بڑھا ہے اور روپے کا دام بھی گھٹ گیا ہے۔ سرکار کی پرائس پالیسی۔ قیمتوں کی پالیسی کیا ہے یہ ابھی تک عوام کی سمجھ میں نہیں آیا۔ کوئی پالیسی ہے بھی یا نہیں اس سلسلے میں۔ ہمارے دیش کی جو حالت ہے۔ یہاں کی مٹی اتنی زرخیز ہے یہاں پانی جس پر کافی مقدار میں پایا جاتا ہے، موسمی حالات، قدرتی ماحول، جاڑا گرمی اور برسات کی وجہ سے اتنا عمدہ موسم دنیا کے بہت کم ملکوں میں ہوگا اور لوگ بھی محنتی ہیں۔ سرکار کی طرف سے جو کم سے کم انتظام کیا جانا چاہئیے وہ اگر ہو تو کسی چیز کی یہاں کمی نہیں ہو سکتی۔

یہ بات ہمیں یاد رکھنی چاہئیے کہ ۱۹۰ برس تک انگریز سامراجیہ وادیوں کی غلامی کے بعد دیش آزاد ہوا۔ آزادی جس راستے پر آئی اور جس طرح انہوں نے ملک کا بٹوارا کر دیا دھرم کے نام پر۔ مذہب کے نام پر۔ یہ تو اپنی جگہ افسوسناک بات ہے اس کی مثال دنیا کے کسی ملک میں نہیں ملے گی مگر یہاں وہ بے انصافی ہو گئی ہے۔ مگر اس کے بعد جو کچھ کرنا چاہئیے تھا پاکستان اور بنگلہ دیش میں کیا حال ہے وہ چھوڑ دیجئے۔ وہ ہماری بحث کی چیز نہیں ہے لیکن ہندوستان میں پہلا کام جو کرنا چاہئیے تھا وہ تھا بیک لینڈ ریفارمس۔ بنیادی اصلاحات، آراضی اصلاحات کا وعدہ بھی کانگریس کے لیڈروں نے کیا تھا۔

آزادی کے پہلے کانگریس کا کوئی ادھیویشن ایسا نہیں ملے گا جس میں اس سوال پر رزولیشن پاس نہ کیا گیا ہو کہ ملک آزاد ہوگا تو زمینداری کا خاتمہ کر کے

[SHRI MOHD. AMIN.]

تمام زمین کسانوں کو بانٹ دیں گئے لیکن آزادی آنے کے اتنے دنوں میں کیا وہ بیسک لینڈ ریفورم ہوئے۔ قانون ضرور بنے۔ مختلف ریاستوں میں مختلف قانون بنے تھے لیکن ان قانون میں بہت ساری خامیاں بھر دی گئیں تھیں۔ زمینداروں کے لئے جو کسانوں کو زمین نہیں دلانا چاہتے تھے عدالتوں میں جانے کا راستہ کھول دیا گیا۔ اس کا نتیجہ یہ ہوا کہ بیسک لینڈ ریفارم ہو نہیں پائے جو کچھ ہوا کسانوں پہلے ہی کمزور تھا۔ کچھ نہیں کر پایا پھر بھی کچھ آندھر پردیش میں ہوا۔ جہاں تیلنگانا کی انقلابی تحریک چلی تھی۔ جس میں ہزاروں لوگوں نے اپنے جیون کی قربانی دی تھی۔ نظام کے راج میں اور زمینوں پر قبضہ کیا تھا۔ پھر وہ زمین فوجی کارروائی کے بعد ان سے چھین لی گئی۔ کچھ رکھ پائے کچھ چھینی گئی۔ کافی کچھ ہوا۔ ابھی ریزرو بنک اور بھارت سرکار کا حساب یہ بتاتا ہے کہ سارے ہندوستان میں جتنی زمینوں کا بٹوارا ہوا اس کا ۲۰ فیصدی ہوا ہے۔ مغربی بنگال میں ایک ریاست ہیں۔ اس لئے کہ مغربی بنگال میں بائیں محاذ کی حکومت ہے وہ اپنے محدود اختیارات کے اندر اپنے ایک اصول پر چلتی ہے۔

اس میں کھیت مزدوروں، بٹائی داروں اور غریب کسانوں نے اس کا ساتھ دیا ہے۔ مجھے یاد ہے کہ جب وہاں پر متحدہ محاذ کی حکومت بنی تھی میں بھی وہاں منسٹر تھا۔ اس وقت سرکار نے یہ کہا کہ کسانوں سے اگر آپ انتظار میں بیٹھے رہے کہ سرکار آپ کو زمین دے دیگی تو آپ کو زمین نہیں ملے گی آپ جانتے ہیں سرکار کو قانون کے مطابق چلنا پڑتا ہے لیکن حد بندی کے اوپر جو بھی زمین ہے جو ناجائز طریقہ سے چھپا کر رکھی گئی ہے اس پر کسان سنگٹھت ہو کر اگر قبضہ کریں تو ہم آپ کی مدد ضرور کر سکتے ہیں کہ زمیندار جب عدالت میں جائیں گے تو پہلے جیسے پولیس ان کی مدد کرتی تھی ہم پولیس کو ان کی مدد کرنے سے روک دیں گے۔ آگے کا معاملہ آپ کو لڑ کر جیتنا پڑیگا۔ اتنا سہارا مل گیا تو گاؤں گاؤں میں کسانوں کی تحریک کھڑی ہو گئی اور لوگوں کو معلوم تھا کہ پانچ ہزار دس ہزار بیگھے زمین دبا کر وہ بیٹھے تھے۔ اس طرح سے پشچمی بنگال میں زمین کا بٹوارا ہوا۔

محترمہ، چار بار بائیں محاذ کی حکومت پشچمی بنگال میں بنی سرمایہ دارانہ نظام میں رہتے ہوئے بھی کمیونسٹوں کو تجارت مل گئی ساری دنیا کے لوگ تعجب

سستی ہیں۔ سرکار کے ہاتھ میں تو پورے ملک کے نام کنٹرول کرنے کے اختیار ہے نہیں۔ نہ تو مالی اختیار ہے نہ قانونی۔ جو محدود اختیار ہیں انہیں کے اندر وہ کام کرتے ہیں۔ اس لئے میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ باقی ہندوستان میں جہاں کئی ریاستوں میں غیر کانگریسی حکومتیں ہیں اور کئی ریاستوں میں کانگریسی حکومتیں ہیں۔ ان کی بھی لینڈ ریفورم کرنے سے کسی نے روکا۔ وی۔ پی۔ سنگھ کی حکومت نے ایک بڑا اچھا کام کیا لینڈ ریفارم کے متعلق۔ جتنے قوانین بنے ہوئے ہیں سارے ملک میں انہوں نے دستور میں ترمیم کر کے ان تمام قوانین کو دستور کی نویں شیڈول کے تحت لا دیا اسی سدن میں ہم لوگوں نے پاس کیا تھا تاکہ اس کے خلاف عدالت میں جانے کا راستہ بند ہو جائے۔ اس سے کسانوں کو کوئی فائدہ پہنچا یا نہیں یہ الگ بات ہے لیکن یہ کام وی۔ پی۔ سنگھ حکومت نے بڑی ایمانداری سے کیا تھا۔ اس کے نقش قدم پر چل کر اگر اس قدم کو آگے بڑھایا جاتا تو بھی بات بن سکتی تھی۔ لیکن یہاں تو کبھی بوفورس کا معاملہ چل پڑتا ہے کبھی اسکیم چل پڑتا ہے اور کبھی مندر مسجد چل پڑتا ہے۔ لوگ اس میں پھنس جاتے کرتے ہیں کہ ایسا کیسے ہوا۔ لوگ کیسے جیت جاتے ہیں بعض لوگ تو الزام یہ لگاتے ہیں کہ پشچمی بنگال میں الیکشن ٹھیک سے ہوتے نہیں ہیں۔ اس لئے یہ لوگ جیت جاتے ہیں لیکن خود الیکشن کمیشن سرٹیفکیٹ دے چکا ہے کہ پشچمی بنگال میں الیکشن منصفانہ اور پرامن ہوتے ہیں۔ سارے ہندوستان میں اس کی مثال نہیں ملتی تو وہ ان باتوں کی طرف دھیان نہیں دیتے۔ اس سرکار نے کیا ایسا کیا ہے کہ لوگ ان کا ساتھ دے رہے ہیں۔ چودہ برس میں سولہ الیکشن ہو چکے ہیں۔ چار مرتبہ لوگ سمجھا کے۔ چار دفعہ پنچایتوں کے چار دفعہ میونسپلٹیوں اور کارپوریشن کے اور ان سولہ الیکشنوں میں ہی بائیں محاذ کے امیدوار سپھل ہوئے اس لئے کہ انہوں نے گاؤں میں کسانوں کا ساتھ دیا اور کل کارخانوں میں مزدوروں کی تحریک کی حمایت کی۔ سرکاری کرمچاری جب اپنی مانگوں کی حمایت کے لئے لڑتے ہیں تو ان کی حمایت کی اس لئے جو زمین کسانوں کو ملے گی آج تو اناج سستا ہے اگر آپ پشچمی بنگال اور کلکتہ میں تشریف لے جائیں تو آپ دیکھیں گے کہ ملک کے کسی بھی شہر سے بنگال میں کچھ چیزیں

[SHRI MOHD. AMIN.]

ہیں۔ کروڑوں لوگوں کو دو وقت دال روٹی نہیں ملتی تن ڈھکنے کے لئے کپڑا نہیں ملتا۔ اس طرف کسی کا دھیان نہیں جاتا۔ محترمہ۔ گاؤں میں دیہات میں جائیے تو آپ دیکھیں گے کہ سردی میں لوگ ٹھٹھر کر مر جاتے ہیں اور جب گرمی کا موسم آتا ہے تو لو لگ جاتی ہے۔ اخباروں میں نکلتا ہے کہ لو لگنے سے کتنے لوگ مرے۔ جب برسات کا موسم آتا ہے، جب سیلاب آتا ہے تو گاؤں کا گاؤں بہا کر لے جاتا ہے غریب لوگوں کو کسی بھی موسم میں چین نہیں ہے۔ یہ سارے مرنے والے کون لوگ ہیں۔ یہ انتہائی غریب ہیں اور پاورٹی لین کے نیچے رہ کر زندگی گزارنے کے لئے مجبور ہیں۔ جن کی آہ اور فریاد سننے والا کوئی نہیں ہے۔ جن کی آنکھوں کے آنسو پونچھنے والا کوئی نہیں ہے۔ یہ ہماری بدقسمتی ہے۔

میں ایک حساب آپ کے سامنے پیش کر رہا ہوں۔ ہمارے ملک کی آبادی اس وقت ۸۰ کروڑ سے اوپر جا چکی ہے۔ یہ بڑی پریشانی کی بات ہے اسی لئے خاندانی منصوبہ بندی کے اوپر زور دینا چاہیئے یہ لوگوں کو سمجھا بجھا کر کے کیا جا سکتا ہے کہ اس کے کیا نقصانات ہیں اور آگے چل کر کیا ہو سکتا ہے۔ یہ ساری باتیں ہیں یہ اپنی جگہ ٹھیک ہیں۔ میں اس کی حمایت کرتا ہوں لیکن اناج کی کل پیداوار ہمارے ملک میں کتنی ہوتی ہے۔ اس کے لئے میں یہاں دو آنکڑے دے رہا ہوں۔ ۱۹۵۰۔ ۱۹۵۱ء میں ۵ کروڑ آٹھ لاکھ ٹن اناج پیدا ہوا تھا پورے دیش میں اب ۴۱-۴۲ ورش بعد پیدا ہو رہا ہے ۱۷ کروڑ ۶۲ لاکھ ٹن اناج۔ اب ۸۰ کروڑ لوگوں کو دو وقت پیٹ بھر کھانا کھلانے کے لئے کتنے اناج کی ضرورت ہے۔ یہ آنکڑے سرکاری ہیں ہم نے نہیں بنائے ہیں۔ میں بہت معمولی طریقہ سے اس معاملہ کو رکھنا چاہتا ہوں کوئی بھی آدمی اس کو سمجھ جائے گا۔ اس کے لئے کوئی زیادہ لکھنے پڑھنے کی ضرورت نہیں ہے۔ ایک آدمی کو ایک دن میں کھانے کیلئے آدھ کلو اناج کافی ہوتا ہے۔ چاول، دال گیہوں ملا کر۔ مہینہ میں اس کو ۱۵ کلو اناج چاہیئے۔ اگر مہینہ میں ۱۵ کلو اناج چاہیئے تو سال میں ایک سو اسّی کلو اناج چاہیئے یعنی ۱۸۰ کلو اناج کا مطلب ہے ساڑھے چار من ایک آدمی کو اگر ساڑھے چار من چاہیئے سال بھر کے ۲ کے لئے ۹ من ۴ آدمیوں کے لئے ۱۸ من اور ۶ آدمیوں کے لئے ایک ٹن۔ ایک ٹن

لسٹ بنا کر دی گئی تھی۔ یہ بہت دن پہلے کی بات ہے جب شریمتی اندرا گاندھی پرائم منسٹر تھیں۔ یہ کہا گیا کہ آپ ان اہم چیزوں کے کنٹرول ریٹ مقرر کر دیجئے اور اس پر عمل درآمد کے لئے صورت یہ ہو گی کہ کسان اپنے کھیت میں جو پیداوار کرتا ہے اس کو مناسب دام دے کر اس کی محنت اور لاگت سے کچھ زیادہ دے کر سرکار اس کو خریدے اور پھر پبلک ڈسٹری بیوشن سسٹم کے لئے اس کو تقسیم کیا جائے۔ اس سے ایک تو فائدہ یہ ہو گا کہ اگر سرکار ۵ لاکھ دکانیں کھولے گی تو ۲۵ لاکھ لوگوں کو روزی ملے گی۔ اور دوسرا یہ ہو گا کہ ایک قیمت غریب طبقہ کے لوگوں کو تمام چیزیں ملیں گی۔ لوگ سرکار کو دونوں ہاتھ اٹھا کر آشیرواد دیں گے کہ سرکار نے کم سے کم اتنی مہنگائی کی مار سے بچایا۔ لیکن سرکار نے اس پر کوئی دھیان نہیں دیا۔

ایک موقع پر ایک پرائم منسٹر صاحب سے میں نے بات کی۔ میں نے ان کو سمجھا کر کہا کہ آپ اتنا تو کیجئے۔ انہوں نے کہا کہ اسکیم تو اچھی ہے مگر اس سے اناج کے جو بیوپاری ہیں وہ ناراض ہو جائیں گے۔

اناج اگر دے دیا جائے تو جیسے آدمی سال بھر کھا سکتے ہیں۔ اگر ایک کروڑ ٹن اناج دے دیا جائے تو جیسے کروڑ آدمیوں کا گذارا ہو گا اگر دس کروڑ ٹن اناج دے دیا جائے گا تو ۶۰ کروڑ لوگ کھا ئیں گے۔ ۸۰ کروڑ لوگوں کی آبادی میں دو دن کے بچے سے لے کر ساٹھ ستر اسی سال کے بوڑھے تک سب لوگ ہیں یہ سب آدھا کے۔ جی کھانا کھانے والے نہیں ہیں۔ میں نے آسانی سے سمجھانے کے لئے یہ سب حساب آپ کے سامنے رکھا ہے۔ تو ۱۳-۱۲ کروڑ ٹن اناج ہونے سے ہی پوری آبادی کو کھلایا جا سکتا ہے یہاں ۷۰ لاکھ ٹن سے بھی زیادہ اناج پیدا ہوتا ہے لیکن پھر بھی چیزوں کے دام کم نہیں ہوتے ہیں۔ آخر یہ اناج جاتا کہاں ہے۔ سرکار ودیشوں سے گیہوں مانگ کر ودیشی مدرا خرچ کرتی ہے۔ یہ کسی کی سمجھ میں آنے والی بات نہیں ہے کہ اس کے اندر کیا کھیل ہے۔ ٹریڈ یونینوں کی طرف سے بہت پہلے ایک مطالبہ رکھا گیا تھا کہ پونجی وادی سماج ویوستھا میں رہ کر بھی قیمتوں میں کنٹرول کیا جا سکتا ہے اس کی صورت یہ ہے کہ گیہوں۔ چاول۔ راشن کوئلہ۔ دال نمک۔ شکر۔ صابن اور کپڑا یہ جو ضروریات زندگی کی لازمی چیزیں ہیں ان ۱۴ چیزوں کی

[SHRI MOHD. AMIN.]

اس پر سے ختم ہو گیا ہے اور اس لئے لوگ میدان میں اتر آتے ہیں۔ محترمہ آپ نے دیکھا ہوگا پچھلے سال کس طرح سے نومبر کے مہینے میں ۲۶ تاریخ کو پورے ہندوستان کے کل کارخانوں کے مزدوروں نے جنرل اسٹرائک کی تھی۔ اس سال ۱۶ جون کو جنرل اسٹرائک ہوئی تھی جس میں ڈیڑھ کروڑ مزدوروں نے بھاگ لیا تھا۔ نومبر ۲۵ تاریخ کو دلّی کے بوٹ کلب پر ہندوستان کے کونے کونے سے کئی لاکھ لوگ آئے تھے۔ کسی اخبار نے ۵ لاکھ بتایا کسی نے ۱۰ لاکھ بتایا اور کسی نے ۸ لاکھ بتایا۔ یہ کہنا تو مشکل ہے کہ کتنے لوگ تھے لیکن یہ بات کہی جا سکتی ہے کہ اتنی بڑی تعداد میں مزدور کبھی بھی راجدھانی میں دیکھے نہیں گئے تھے۔ یہ سرکار کے لئے ایک وارننگ ہے کہ وہ اپنی پالیسی پر نظر ثانی کرے۔ ورنہ لوگ اس کو چلنے نہیں دیں گے۔ سرکار کے لئے مشکل کیا ہے کہ ودیشی قرضے میں وہ ڈوبی ہوئی ہے۔ ودیشوں سے مانگ مانگ کر اگر دیش کو چلانا ہے تو یہ کوئی سمجھداری کی بات نہیں ہے اور عزت نفس کا بھی سوال آتا ہے ہم تو یہ کہتے ہیں کہ جو کچھ آپ کو اپنے دیش میں ملتا ہے اس کی بنیاد پر کھڑے ہو کر اپنی پالیسی بنائیے۔ سرکار ایمانداری کے

میں سمجھتا ہوں کہ کوئی بھی سرکار امیروں کو بھی خوش رکھے اور غریبوں کو بھی خوش رکھے یہ ہو ہی نہیں سکتا۔ دلہا کا بھی بھائی اور دلہن کا بھی بھائی یہ دنیا میں نہیں ہو سکتا۔ سرکار کو طے کرنا ہوگا کہ اس کی پالیسی کس کو فائدہ پہنچانے کی اور کس کو نقصان پہنچانے کی ہے۔ اگر سرکار غریب لوگوں کو فائدہ پہنچانا چاہتی ہے تو امیروں کو نقصان ہوگا۔ آپ کو ایک ارادہ کر کے چلنا ہوگا ایسی کوئی بھی پالیسی ہو نہیں سکتی ہے کہ جس سے سب کا بھلا ہو جائے۔ ہماری مصیبت یہی ہے۔ انگریزوں کے زمانے میں سامراجی راج کو مضبوط بنانے کے لئے غریبوں کو دبایا گیا اور جو زمین داری اور رعیت واڑی سسٹم تھا اس نے نواب۔ راجہ اور مہاراجاؤں کو جنم دیا۔ جنہوں نے گاؤں کے غریب لوگوں کا خون پی کر انگریزوں کے راج کو بنائے رکھا۔ اس فیوڈل سسٹم کو دفن کرنے کے بجائے ہمارے سیاسی لیڈروں نے ان سے سمجھوتہ کر لیا۔ جو لوگ نواب راجہ اور مہاراجہ تھے۔ وہ ہی آج راج نیتک دلوں کے نیتا بن گئے ہیں تو یہ کیسے ہوگا۔ یہ ہونے والا نہیں ہے اس لئے سرکار جتنے بھی وعدہ چیزوں کے دام کم کرنے کے بارے میں کرتی ہے وہ وعدہ ہی رہ جاتی ہیں۔ اب تو لوگوں کا وشواس بھی

مانگنے جائیں گے تو قرضہ وہ آپ کو دیں گے۔ مگر اس کے ساتھ وہ اپنی شرطیں بھی دے دیں گے یہ ورلڈ بنک کے لوگ کیا کیا شرطیں دیتے ہیں۔ آپ کو یاد ہوگا کہ اسی سدن میں ہم لوگوں نے کتنی ہی بار یہ مطالبہ پرائم منسٹر سے کیا کہ ورلڈ بنک کے ساتھ آپ کی کیا بات ہوئی ہے ہم لوگوں کو بتلائیے۔ پارلیمنٹ کو بتلائیے لیکن کبھی نہیں بتایا۔ پرائم منسٹر نے بتایا اور نہ فائنینس منسٹر نے بتایا۔ پارلیمنٹری ڈیموکریسی کی کیا مریادا رہ گئی ہے کہ جب انڈین ایکسپریس میں کوئی خط چھپ جاتا ہے تب بات سامنے آتی ہے۔ تب ہی شور مچتا ہے۔ مہاجن جب قرضہ دیتا ہے تو وہ کہتا ہے کہ قرضہ لے جائیے مگر پیسہ کہاں خرچ کریں گے وہ ہم طے کریں گے اور اس کو مان کر کے سر جھکا کر یہ لوگ چلے آتے ہیں وہ کہتے ہیں کہ یہ روپیہ لے جائیے اور اس سے ہمارے یہاں کی بنی ہوئی ٹیری کاٹ کی ساڑیاں خرید کر ہندوستانی عورتوں کو پہنائیے تو ہمارے کپڑے کی صنعت تباہ نہیں ہوگی وہ کہتے ہیں کہ کھاد کے اوپر سے سبسڈی اٹھاؤ جو اٹھا دی جاتی ہے تو کیا کھاد کے دام بڑھیں گے نہیں۔ وہ کہتے ہیں کہ ایسی پالیسی اختیار

